प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार किये प्रदान : 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ को मिला तीसरा स्थान।
2. राष्ट्रपति ने विशेष पहल के तहत स्वच्छ महाकुंभ 2025 को किया सम्मानित : कहा– विकसित भारत 2047 के विजन का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू ह स्वच्छता।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे वाराणसी : कल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा। और
4. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश के चलते कई नदियां उफान पर : वाराणसी में नमो घाट समेत कई घाट डूबे, बाढ़ चौकियां सतर्क।

————————

केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छ सर्वेक्षण में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं अहमदाबाद पहले और भोपाल दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुपर स्वच्छ लीग कैटेगिरी में इंदौर पहले नंबर पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण

2024–25 के तहत शहरी विकास मंत्री एके शर्मा को लखनऊ का सम्मान प्रदान किया। पिछले वर्ष लखनऊ को 44 वां स्थान प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता विकसित भारत 2047 के विजन का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। बाइट..... राष्ट्रपति

*स्वच्छता से जुड़े प्रयासों के आर्थिक पहलू होते हैं। सांस्कृतिक आयाम होते हैं तथा भौगोलिक भी होते हैं। मुझे विश्वासित बहुआयामी तथा समग्र दृ ष्टि के साथ संचालित स्वच्छ भारत मिशन भी सभी देशवासी मजबूती से भागीदारी करेंगे सुविचारित और दृढ़ संकल्पों के साथ सभी देशवासी वर्ष दो हज़ार सतचालिस तक जिस विकसित भारत का निर्माण करेंगे उसी दिशा में हम जा रहे हैं।*

सुपर स्वच्छ लीग में तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा है, उसके बाद चंडीगढ़ और मैसूर का स्थान रहा। विशेष पहल

तीन से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में गोरखपुर को चौथा स्थान मिला, जबकि सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में गोरखपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रयागराज को सबसे स्वच्छ गंगा टाउन का पुरस्कार मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ और नोएडा को पुरस्कार मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि रिड्यूस, रीयूज और रो–साइकल के मंत्र को आत्मसात कर आज नया उत्तर प्रदेश स्वच्छ एवं हरित राज्य की संकल्पना

को साकार कर रहा है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर खुशी जताई है। बाइट....

*सबसे बड़ा सहयोग हमारे सफाई कर्मचारी, नगर निगम कर्मचारी, जल निगम कर्मचारी और नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग से आज हम देश में तीसरे नंबर पे आये हैं।*

तत्कालीन नगर आयुक्त लखनऊ इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि लखनऊवासियों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। बाइट....

*जो सबसे इम्पोर्टेंट जो हमारा स्टेप रहा है कि हमारा लीगेसी बसे था यहां पर चौबीस लाख मेट्रिक टन उसको साइंटिफिक तरीके से प्रोसेस किया गया है। उसके बाद उस स्थान पर हमने एक बहुत बड़ा प्रोसेसिंग प्लांट लगाया है जिसकी क्षमता है चौबीस सौ मेट्रिक टन प्लांट जो काम कर रहा है। सबसे बड़ा योगदान नागरिकों का है जिन्होंने इसमें सहयोग किया है। नागरिकों का जो हमें हंड्रेड पर्सेंट दूर तो दूर कूड़ा कलेक्शन में मदद की है और बहुत सारे हमारे ऐसे एरियाज है जहां पर नागरिक खुद कंपोस्टिंग करते हैं और नगर निगम को कूड़ा नहीं देते। वो खुद ही अपने कूड़े का निस्तारण करते हैं।*

शहर के निवासी मोहनीश त्रिवेदी ने लखनऊ को स्वच्छता के मामले में तीसरा स्थान मिलने पर खुशी जताई है। बाइट.....

*आज लखनऊ के लिए बहुत गर्व का दिन है। आज लखनऊ को स्वच्छता के मामले में भारत में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है और इसके लिए खास करके लखनऊ की जनता बधाई का पात्र है।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री योगी ने कल से शुरू हो रहे विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर तीन दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने कालभैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन–पूजन कर सावन माह में कांवड़ियों और शिवभक्तों के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। श्री योगी  कल बिरसा मुंडा पर आधारित संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक दिवसीय दौरे पर चंदौली पहुंचे। उन्होंने कलक्ट्रेट सभागर में समीक्षा बैठक की और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने चंदौली को वाराणसी से जोड़ने वाले पुल का हवाई निरीक्षण किया। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि चंदौली जनपद के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार ने कई कार्यक्रम आगे बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि चंदौली को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। बाइट....

*पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जो लखनऊ से गाजीपुर तक पहले ही आ चुका है। लोग उसका लाभ ले रहे हैं। चंदौली होते हुए सोनभद्र शक्ति नगर तक पहुंचाने की कार्रवाई और इसको हम लोगों ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दी है। उसके सर्वे के कार्यक्रम आगे चल रहे हैं। और बाद में फिर इस कार्यक्रम को हम लोग आगे बढ़ाएंगे। चंदौली की सीधी कनेक्टिविटी प्रदेश की राजधानी लखनऊ से और देश की राजधानी दिल्ली से इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से होगी। दूसरा चंदौली को दूसरा लाभ मिलेगा गंगा एक्सप्रेसवे का।*

————————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————————

**रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया के तहत अमेठी में इंडो रशियन राइफल प्राइवेट लिमिटेड इस साल के अंत तक ए के 203 राइफल के पूर्ण स्वदेशी मॉडल का उत्पादन शुरू कर देगी। आईआरआरपीएल के सोईओ मेजर जनरल एस के शर्मा ने बताया कि अभी रूस के सहयोग से बनाई जा रही ऐ के 203 के पूर्ण स्वदेशी राइफल का नाम 'शेर' दिया गया है। अभी 50 प्रतिशत निर्माण भारत मे हो रहा है।**

अक्टूबर 2025 तक 70 प्रतिशत और 31 दिसम्बर तक इसका पूर्ण स्वदेशी उत्पादन होने लगेगा। बाइट.....

*ये एक भारतीय सेना की टीम द्वारा बनाई जा रही है। यानि की एएस आ यूजर आज की तारीख में हम ही यहाँ बैठे हुए है तो हम इस बात को समझते है की इस राइफल को हमने बहुत ही सीरियसली क्वालिटी कंट्रोल के हिसाब से बनाना है। तीसरी चीज़ जो मुझे खूबी लगती है अपने राइफल में वो है की ये एक जेनुइन इंजनाइज प्रोडक्ट हो।*

————————

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज लखनऊ से 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को इत्र नगरी कन्नौज के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एक दिवसीय यात्रा में देश के प्रम्ख टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर, होटल व्यवसायी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हुए।

————————

आयुष मंत्री डा. दयाशंकर दयालु ने होम्योपैथी विभाग के निदेशक डा. अरविंद कुमार वर्मा को निलम्बित कर दिया है। उन पर पिछले दिनों विभाग में हुए तबादलों पर अनियमितता के आरोप लगे थे। इसके बाद आयुष मंत्री ने विभाग में हुए सभी तबादलों को निरस्त कर दिया था।

————————

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 सेपूर्व देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में आयोजित किए जा रहे रोड शोज की श्रृंखला में तीसरा मेगा रोड शो कल बैंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। इस रोड शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश

सरकार का उद्देश्य अपने निर्यात विजन 2025 को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे। इससे पहले सरकार नई दिल्ली और हैदराबाद में रोड शो आयोजित कर चुकी है।

————————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में नमो घाट समेत कई घाट डूब गये हैं। यहां गंगा का जलस्तर फिलहाल चेतावनी बिंदु से नीचे है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि सरकार प्रदेश में बाढ़ को लेकर सतर्कता बरत रही है। बाइट.....

*हमारे सभी जिलाधिकारी और सभी जिलों में बैठक हो चुकी है। बाढ़ चौकियाँ हमारी बन चुकी है। चौबीस घंटा नजर है और माननीय योगी जी का निर्देश है की मंत्री से लेकर सभी अधिकारी सड़क पर आए।*

मौसम विभाग ने प्रदेश के विन्ध्य और प्रयागराज मंडल समेत बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कुछ जिलों में अगले 24 घण्टों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका व्यक्त की है।

————————